पेपर – 6:अंकेक्षण एवं आश्वासन

भाग – I : शैक्षिक नवीनतम जानकारी
(विधायी संशोधन / अधिसूचनाऐं / परिपत्र / नियम / नियामंक प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देश)

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 469 की उप–धारा (1) तथा (2) के साथ पढ़कर धारा 143 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के उपयोग में, केंद्रीय सरकार ने कम्पनी (अंकेक्षण तथा अंकेक्षक) नियम, 2014 का नियम 11 में वाक्य Cके पश्चात् d को शामिल किया है क्या कम्पनी ने 8 नवम्बर, 2016 से 30 दिसम्बर, 2016 की अवधि के दौरान निर्दिष्ट बैंक में लेनदेन तथा धारिता के संबंध में अपनी वित्तीय विवरण में आवश्यक प्रकटीकरण को प्रदान किया है तथा यदि हाँ तो क्या यह कम्पनी द्वारा रखे गये लेखा की पुस्तकों के अनुसार है। अधिक विवरण के लिए छात्र निम्न वर्णित लिंक को संदर्भित कर सकते है।

2. कम्पनी अधिनियम2013 (2013का18)की धारा469 की उपधारा(1) तथा(2) के साथपढकर धारा139के द्वारा प्रदत अधिकारों का उपयोग में, केंद्रीय सरकार कम्पनी(अंकेक्षण तथा अंकेक्षक) नियम2014 को संषोधित कर निम्न नियम बनाये गये:—

"कम्पनी (अंकेक्षण तथा अंकेक्षक) नियम, 2014में नियम5में वाक्य(b)में शब्द"बीस"के लिए शब्द"पचास" का स्थानापन्न किया जायेगा।"

अध्ययन सामग्री में इस संषोधन का प्रभाव होगा:

1. बिंदु संख्या(II) – पृष्ठ संख्या7.10 पर पैरा 7.3.1 को पढा जायेगा-

   रूपये पचास करोड़ अथवा अधिक की चुकता अंष पूंजी वाली सभी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी;

2. पृष्ठ संख्या 10.14में प्रस्तुत चित्र में, मध्य बाक्स में लाइन को पढा जाये-

   रूपये 50करोड़ वाली चुकता अंष पूंजी वाली सभी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी

3. अधिकतम सीमा को गिनने के लिए धारा 141(3)(g) के तहत छूट के अन्तर्गत विमुक्ति का दावा के लिए अतिरिक्त आवश्यकता तब ही उपलब्ध है यदि कम्पनी ने धारा 137 के अन्तर्गत अपनी वित्तीय विवरण तथा 13जून 2017 की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण को अधिनियम की धारा 92 के अन्तर्गत वार्षिक विवरणी को फाइल करने में चूक नहीं की है।

4. अधिसूचना संख्या GSR 583 (E) बताती है कि धारा 143 (3)(i) के तहत कम्पनी अधिनियम 2013 का कम्पनी (अंकेक्षण तथा अंकेक्षक) अधिनियम 2014 के नियम 10A को पढ़ने के तहत निर्दिष्ट निजी कम्पनियों पर लागू नहीं होगा। धारा 143 (3) (i) (जरिये परिपत्र सं0 08 / 2017) के तहत कुछ निजी कम्पनियों की दी गयी छूट प्रभावदेयता के संबंध में स्पष्टीकरण स्पष्ट करता है कि छूट 1 अप्रैल, 2016 को या इसके पश्चात् प्रारम्भ होने वाले वित्तीय वर्षों से संबंधित वित्तीय विवरणों के संबंध में उन अंकेक्षण रिपोर्टों के लिये लागू होगी, जो उपरोक्त अधिसूचना की तिथि को या इनके पश्चात् की गयी हैं।

© The Institute of Chartered Accountants of India

5. कम्पनी अधिनियम की धारा 143 (3) (i) के प्रावधानों के अनुसार, अंकेक्षक रिपोर्ट करेगा कि क्या कम्पनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है तथा ऐसे नियंत्रणों को प्रभावपूर्ण परिचालन कर रह रही है। एमसीए ने अपने 13 जून 2017 में परिपत्र (जीएसआर 583 (E)) द्वारा भारत सरकार के परिपत्र को संशोधित किया है, निगमित मामलों का मंत्रालय G.S.R. 464(E) दिनांक 05जून, 2015के जरिये निम्न कम्पनियां जो एक व्यक्ति कम्पनी है अथवा छोटी कम्पनी है अथवा नवीनतम अकेंक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार ` 50 करोड़ से कम टर्नओवर है अथवा वित्तीय वर्ष के दौरान किसी समय वित्तीय संस्थान अथवा किसी निगमित संस्थान से कुल ऋण 25करोड़ रूपये से कम है, को आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से विमुक्ति प्रदान करता है। उपरोक्त विमुक्ति निजी कम्पनी पर लागू होगी जिसने पंजीयक के पास कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 137 के अन्तर्गत वित्तीय विवरण की अथवा अधिनियम की धारा 92 के अन्तर्गत वार्षिक विवरण की फाइलिंग में चूक नहीं की है। आगे, प्रमुख अधिनियम की धारा 143 में दोनों स्थान में 'इसकी सहायको' शब्द के लिए उपबंध में उपधारा (1) में (*i*) को शब्द इसकी सहायकों तथा सहयोगी कम्पनियों के साथ स्थानापन्न किया जायेगा (*ii*)उपधारा (3) में वाक्य (*i*)में शब्द "आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली, के लिए शब्द" वित्तीय विवरण के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से स्थानापन्न किया जायेगा" *(iii)*उपधारा (14) में वाक्य (*a*)शब्द 'प्रेक्टिस में लागत लेखांकक के लिए शब्द' लागत लेखांकक' का स्थानापन्न किया जायेगा।

6. कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 2017के कारण संशोधन

(i) धारा 140(2)के अनुसार, अंकेक्षक जिसने कम्पनी से त्याग पत्र दे दिया है त्याग पत्र की तिथि से 30दिवस की अवधि के अंदर कम्पनी तथा पंजीयक के साथ निर्धारित फार्म ADT–3 (CAAR का नियम 8 के अनुसार)में एक विवरण को फाइल करेगा, तथा धारा 139(5)में संदर्भित कम्पनियों अर्थात् सरकारी कम्पनी के मामले में अंकेक्षक अपने त्यागपत्र के संबंध में प्रासंगिक तथ्य तथा अन्य कारणों का संकेत देकर भारत का नियंत्रक तथा महालेखाकार के साथ इस प्रकार के विवरण को फाइल करेगा। विफलता के मामले में, अंकेक्षक जुर्माना के साथ सजायोग्य होगा जो रूपये पचास हजार अथवा अंकेक्षक का पारिश्रमिक जो भी कम है, से कम नहीं होगा परन्तु (धारा 140(3) के अनुसार)रूपये पाँच लाख तक बढ सकता है।

(ii) कम्पनी (अंकेक्षण तथा अंकेक्षक) नियम 2014 का नियम 10 के साथ धारा 141 की उपधारा (3) के अन्तर्गत एक व्यक्ति जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से धारा 144 में संदर्भित किसी सेवा को कम्पनी अथवा इसकी धारक अथवा सहायक कम्पनी को प्रदान करता है, एक कम्पनी का अंकेक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(iii) अधिसूचना दिनांक 23फरवरी, 2018के कारण, केंद्रीय सरकार ने खंड प्रतिवेदन पर प्रासंगिक लेखांकन मानक की लागू होने की हद तक रक्षा उत्पादन में लिप्त कम्पनियों को विमुक्त किया है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(iv) लेखा को पुनः खोलने के लिए आदेश को चालू वित्तीय वर्ष में एक दम पहले आठ वर्षों से आगे के लिए नहीं किया जायेगा जब तक केंद्रीय सरकार ने 8 वर्षों से अधिक के लिए लेखा की पुस्तकों को खोलने का आदेश ना किया हो।

(v) धारा 143(3)(i) के अनुसार सभी कम्पनियों के अंकेक्षक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली तथा इसके परिचालन प्रभावदेयता की पर्याप्तता पर रिपोर्ट करेगा। वर्तमान की संशोधन के अनुसार, अंकेक्षक को वित्तीय विवरण के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट करना होगा।

(vii) एक धारक कम्पनी केअंकेक्षक को सहयोगी कम्पनी केलेखों तथा रिकॉर्ड तक पहुँच का अधिकार जिसके खातों का समेकित करना अपेक्षित है। हाल की संशोधन के अनुसार, इस अधिकार को सहयोगी तक भी बढाया है।

(viii) कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 147 उल्लंघन के लिए निम्न सजा को निर्धारित करता है:

(1) यदि धारा 139 से 146 (दोनों सम्मिलित) का किसी प्रावधान का उल्लंघन किया है, कम्पनी जुर्माना के साथ दण्डनीय होगी जो रूपये पच्चीस हजार से कम नहीं होगी परन्तु रूपये पाँच लाख तक बढ सकता है तथा कम्पनी का प्रत्येक अधिकारी जिसने चूक की है, एक अवधि के लिए जेल की दण्डनीय से सजायोग्य होगा जो एक वर्ष तक बढ सकती है अथवा जुर्माना होगा जो रूपये दस हजार से कम नहीं होगा परन्तु रूपये एक लाख तक बढ़ सकता है अथवा दोनों हो सकती है।

(2) यदि एक कम्पनी का अंकेक्षक धारा 139,धारा 143, धारा 144 अथवा धारा 145के किसी प्रावधान का उल्लंघन करता है, अंकेक्षक जुर्माना से दण्डनीय होगा जो रूपये पच्चीस हजार से कम नहीं होगा परन्तु रूपये पाँच लाख तक बढ़ सकता है अथवा अंकेक्षक का पारिश्रमिक का चार गुणा जो भी कम है, होगा।

यह नोट किया जा सकता है कि यदि एक अंकेक्षक ने कम्पनी अथवा इसके अंशधारक अथवा लेनदार अथवा कर प्राधिकरण को धोखा देने के इरादे से जानबूझकर इस प्रकार के प्रावधान का उल्लंघन किया है, वह कारावास कोदण्डनीय होगा जो एक वर्ष की अवधि तक हो सकती है तथा जुर्माना के साथ हो सकती है जो कि रूपये पचास हजार से कम नहींहोगा परन्तु रूपये पच्चीस लाख तक बढ सकती है अथवा अंकेक्षक का पारिश्रमिक का आठ गुणा जो भी कम है, हो सकती है।

(3) जहाँ पर एक अंकेक्षक को उपधारा (2)के तहत सजा हुई है:-

(i) कम्पनी को उसके द्वारा प्राप्त पारिश्रमिक को वापिस करना;

(ii) अंकेक्षण रिपोर्ट में किये गये विवरण का गलत अथवा भ्रामक कथन से उत्पन्न हानि के लिए कम्पनी, वैधानिक संस्था अथवा प्राधिकरण

© The Institute of Chartered Accountants of India

अथवाकम्पनी का सदस्यों अथवा लेनदार को क्षति के लिए भुगतान का दायी होगा।

(4) केन्द्रीय सरकार अधिसूचना के द्वारा उपधारा (3) का वाक्य (ii) के अन्तर्गत कम्पनी अथवा व्यक्ति को क्षति की त्वरित भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए किसी वैधानिक संस्था अथवा अधिकारी अथवा की प्राधिकरण को निर्दिष्ट करेगा तथा इस प्रकार की संस्था, प्राधिकरण अथवा क्षति का भुगतान के पश्चात् इस प्रकार तरीके में इस प्रकार की क्षति के संबंध में केंद्रीय सरकार के पास रिपोर्ट फाइल करेगा जैसा उक्त अधिसूचना में निर्दिष्ट है।

(5) जहाँ पर, एक कम्पनी का अंकेक्षण एक अंकेक्षण फर्म द्वारा किया जा रहा है, यह साबित हो गया है कि, अंकेक्षण फर्म का साझेदार अथवा साझेदारों ने धोखाधड़ी तरीके में कार्यवाही की है अथवा कम्पनी अथवा इसके निदेशक अथवा अधिकारियों के संबंध में अथवा के द्वारा एक धोखाधड़ी में उकसाया है अथवा सांठगांठ की है, दायित्व चाहे दीवानी है अथवा आपराधिक है समय के प्रभाव के लिए किसी अन्य कानून अथवा इस अधिनियम में प्रदान किया है, इस प्रकार की कार्यवाही के लिए, अंकेक्षण फर्म का साझेदार अथवा साझेदारों तथा फर्म संयुक्त तथा पृथक रूप से उत्तरदायी होगी बशर्ते एक अंकेक्षण फर्म की अपराधिक दायित्व के मामले में, जुर्माना का अतिरिक्त संबंधित साझेदार अथवा साझेदारों जिन्होंने धोखाधड़ी तरीके में कार्यवाही की है अथवा किसी धोखाधड़ी में उकसाया है अथवा सांठगांठ की है भी दायी होगा।

भाग – II: प्रश्न तथा उत्तर

प्रश्न

1. कारण सहित (संक्षेप में) वर्णित करें क्या निम्न वक्तव्य सत्य हैं अथवा असत्य है:

   (i) वित्तीय विवरण की तैयारी में इकाई का तथ्यों तथा परिस्थिति में इकाई का लागू वित्तीय प्रतिवेदन फ्रेमवर्क की आवश्यकता को लागू करने में प्रबंधन द्वारा निर्णयन लिप्त नहीं है।

   (ii) अंकेक्षण साक्ष्य को एकत्रित करने में प्रयुक्त अंकेक्षण प्रक्रिया जानबूझकर मिथ्या विवरण की खोज के लिए प्रभावी हो सकती है।

   (iii) एक अंकेक्षण आरोपित गलत कार्य में अधिकारिक अन्वेषण है।

   (iv) कठिनाई, समय अथवा लिप्त लागत के मामले स्वयं में अंकेक्षक के लिए अंकेक्षण प्रक्रिया को हटाने के लिए वैद्य कारण है जिसके लिए कोई विकल्प नहीं है।

   (v) अंकेक्षण योजना तथा ग्राहक के व्यापार का ज्ञान के मध्य कोई संबंध नहीं है।

   (vi) योजना एक अंकेक्षण का अलग चरण नहीं है परन्तु एक लगातार तथा दोहराने वालीप्रक्रिया है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(vii) अंकेक्षण प्रपत्रीकरण इकाई का लेखांकन रिकार्ड का एक स्थानापन्न है।

(viii) एक उपयुक्त समय सीमा जिसके भीतर अंतिम अंकेक्षण फाइल का संयोजन पूरा करना होता है, सामान्यता अंकेक्षण के प्रतिवेदन की तिथि के पश्चात् 30 दिवस से अधिक नहीं होता।

(ix) जब अंकेक्षक ने निर्धारित किया कि अभिकथन स्तर पर सारवान मिथ्या विवरण का समीक्षा जोखिम एक महत्वपूर्ण जोखिम है अंकेक्षक यथार्थपूर्वक प्रक्रिया को निष्पादित नहीं करेगा जो उस जोखिम से विशिष्ट रूप से उत्तरदायी है।

(x) SAs साधारणतः पृथक रूप से अर्न्तनिहित जोखिम तथा नियंत्रण जोखिम को संदर्भित करते हैं।

अध्याय 1- अंकेक्षण की प्रकृति, उद्देश्य तथा क्षेत्र

2. (a) गुणवत्ता नियंत्रण की फर्म की प्रणाली में प्रत्येक तत्व को संबोधित करने वाली नीतियां तथा प्रक्रिया सम्मिलित होनी चाहिए? स्पष्ट करें।

(b) अंकेक्षण की मुख्य उपयोगिता विश्वसनीय वित्तीय विवरण में है जिसके आधार पर कार्यस्थिति को आसानी से समझा जा सकता है। इस स्पष्ट उपयोगिता के अतिरिक्त अंकेक्षण के अन्य लाभ हैं इनमें से कुछ उन उद्यम तथा संस्था के लिए काफी मूल्य के हैं, जहां पर अंकेक्षण अनिवार्य नहीं है। स्पष्ट करें।

3. (a) अंकेक्षण से अपेक्षा नहीं की जाती है तथा ना ही की जा सकती है कि अंकेक्षण जोखिम शून्य है तथा इसलिए पूर्ण आश्वासन प्राप्त नहीं कर सकता है कि वित्तीय विवरण धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण सारवान मिथ्या विवरण से मुक्त है। यह इसलिए क्योंकि एक अंकेक्षण की अर्न्तनिहित सीमा है। स्पष्ट करें।

(b) अंकेक्षण तथा कानून के मध्य करीबी संबंध हैं। चर्चा करें।

अध्याय 2- अंकेक्षणव्यूहरचना, अंकेक्षणयोजना तथा अंकेक्षणप्रोग्राम

4. (a) अंकेक्षक को एक कुशलता तथा समयबद्व तरीके में प्रभावी अंकेक्षण को परिचालित करने में उसे समर्थ करने के लिए अपने कार्य की योजना बनानी चाहिए। योजना ग्राहक के व्यापार के ज्ञान पर आधारित होनी चाहिए। स्पष्ट करें।

(b) अंकेक्षक को एक सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना को स्थापित करना होगा जो अंकेक्षण का क्षेत्र, समय तथा दिशा को स्थापित करता है तथा जो अंकेक्षण योजना के विकास को मार्गदर्शित करता है।

सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना की स्थापना को की प्रक्रिया जो प्रमुख मामलों के निर्धारण में अंकेक्षक की सहायता करेगा, को वर्णित करते हुए चर्चा करें।

5. (a) अंकेक्षक को सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना तथा अंकेक्षण योजना जैसा अंकेक्षण के दौरान आवश्यक है, को सामयिक बनाना तथा बदलना होगा।

(b) अंकेक्षक सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना, अंकेक्षण योजना तथा सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना अथवा अंकेक्षण योजना में अंकेक्षण लिप्तता के दौरान महत्वपूर्ण बदलाव तथा इस प्रकार के बदलाव का कारण का प्रपत्रीकरण करेगा। स्पष्ट करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

अध्याय 3- अंकेक्षण प्रपत्रीकरण तथा अंकेक्षण साक्ष्य

6. (a) अंकेक्षण प्रपत्रीकरण का स्वरूप, विषय वस्तु तथा विस्तार जैसे इकाई का आकार तथा जटिलता, निष्पादित की जाने वाली अंकेक्षण प्रक्रिया की प्रकृति जैसे कारकों पर निर्भर करनता है। विस्तार में स्पष्ट करें।

   (b) अंकेक्षक एक अंकेक्षण फाइल में अंकेक्षण प्रपत्रीकरण को एकत्रित करेगा तथा अंकेक्षक की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात् समयबद्व आधार पर अंतिम अंकेक्षण फाइल को एकत्रित करने की प्रशासकीय प्रक्रिया को पूर्ण करेगा। स्पष्ट करें।

7. (a) अंकेक्षक की राय को बनाने में ज्यादातर अंकेक्षक का कार्य अंकेक्षक साक्ष्य का प्राप्त करने तथा आंकलन करने से मिलकर बना है। स्पष्ट करें।

   (b) आश्वासन का उच्चतर स्तर को नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता के बारे में अपनाया जाता है जब नियंत्रण का टेस्ट का मुख्यतः मिलकर दृष्टिकोण को अपनाया जाता है जहां विशेषकर यथार्थवादी प्रक्रिया में पर्याप्त उपयुक्त अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं है अथवा अव्यवहारिक है। स्पष्ट करें।

8. (a) सारवान मिथ्या विवरण की आंकी गयी जोखिम पर विचार किये बिना, अंकेक्षक सौदा की प्रत्येक सारवान श्रेणी, खाता शेष तथा प्रकटीकरण के लिए यथार्थवादी प्रक्रिया को डिजाइन तथा निष्पादित करेगा। विश्लेषण करें तथा स्पष्ट करें।

   (b) बाहरी पुष्टी प्रक्रियाऐं प्रासंगिक है जब खाता शेष तथा उसका तत्वो से जुड़ा अभिकथन का संबोधन करते हैं परन्तु इन मदों से सीमित होने की आवश्यकता नहीं है। विश्लेषण करें तथा स्पष्ट करें।

अध्याय 4- जोखिम समीक्षा तथा आंतरिक नियंत्रण

9. (a) आंतरिक नियंत्रण के प्रभावी परिचालन के बारे में अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करते समय अंकेक्षक विचार करता है कि किस प्रकार उसे लागू किया जाता है, संगतता जिससे वे अवधि के दौरान लागू किया है। प्रभावी परिचालन की अवधारणा पहचान करती है कि कुछ विचलन उत्पन्न हुआ है। विश्लेषण करें तथा स्पष्ट करें।

   (b) एक प्रवाह चित्र कम्पनी की आंतरिक नियंत्रण की प्रणाली के प्रत्येक भाग की ग्राफिक प्रस्तुति है। प्रवाह चित्र के बारे में प्रत्येक पक्ष की व्याख्या करते हुए स्पष्ट करें।

10. (a) अंकेक्षक अपने समस्त अंकेक्षण कार्यक्रम को केवल आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उसके वास्तविक परिचलन की संतोषजनक समझने के पश्चात् सूत्रबद्ध कर सकता है विश्लेषण करें तथा स्पष्ट करें।

    (b) आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अंकेक्षक की रिपोर्टिंग अधिनियम में निर्दिष्ट अपेक्षा है तथा इसलिए अधिनियम के अन्तर्गत तैयार वित्तीय विवरण में रिपोर्टिंग के मामले में तथा धारा 143 के अन्तर्गत प्रतिवेदित के मामले में लागू होगा। वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर प्रतिवेदन के लिए अंकेक्षक के उत्तरदायित्व को स्पष्ट रूप से वर्णित करें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

अध्याय 5- धोखाधड़ी तथा इस संबंध में अंकेक्षक का उत्तरदायित्व

11. सम्पत्तियों का गबन में सम्पत्ति की चोरी तथा इसे प्रायः तुलनात्मक छोटी तथा महत्वहीन राशि में कर्मचारियों द्वारा की जाती है। यद्यपि इसमें प्रबंधन भी लिप्त हो सकता है जो प्रायः तरीके से गबन को छुपाने में ज्यादा समर्थ होते हैं जिसे खोजना कठिन होता है। सम्पत्ति का गबन कई तरीके से किया जा सकता है। विश्लेषण करें तथा स्पष्ट करें।

12. धोखाधड़ी से परिणामतः सारवान मिथ्या विवरण को ना खोजने की जोखिम त्रुटि से परिणामतः ना खोजने से अधिक है। स्पष्ट करें।

अध्याय 6- स्वचालित वातावरण में अंकेक्षण

13. जब एक व्यापार ज्यादा स्वचालित वातावरण में परिचालित करता है यह संभावना है कि हम प्रणालियों के अंदर कई व्यापार कार्य तथा गतिविधियों को देखेंगें।

    उपरोक्त को प्रभावित करने के लिए अंकेक्षक को किन बिंदुओं पर विचार करना चाहिए, को वर्णित करते हुए स्पष्ट करें।

14. आज के डिजिटल युग में जब कम्पनियाँ व्यापार को चलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों तथा नेटवर्क पर विश्वास करती हैं, डाटा तथा सूचना की मात्रा जो इन प्रणालियों में बहुसंख्यक विद्यमान है। डाटा विश्लेषण के उपयोग को वर्णित करते हुए स्पष्ट करें।

अध्याय 7- अंकेक्षण सेम्पलिंग

15. S Ltd. का अंकेक्षण की योजना करते हुए, आप सेम्पलिंग तकनीक को लागू करना चाहते हैं। आप अपने मस्तिष्क में क्या जोखिम तत्वों को रखेंगे?

16. अंकेक्षक को सेम्पल का परिणाम का आंकलन करना चाहिए तथा क्या अंकेक्षण के उपयोग ने जनसंख्या जिसका परीक्षण किया गया है, के बारे में निष्कर्ष के लिए उचित आधार प्रदान करते हैं।

अध्याय 8- विश्लेषणात्मक प्रक्रिया

17. यथार्थपूर्वक विश्लेषणात्मक प्रक्रिया सामान्यतः सौदों के बड़े परिमाण पर लागू होती हैं जो समय पर अनुमानयोग्य है। स्पष्ट करें।

18. व्यापार इकाइयों का अंकेक्षण में परम्परागत विचारी व्यक्तिगत वित्तीय विवरण मदों के मध्य संबंध सदा सरकार अथवा गैर व्यापार सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों के अंकेक्षण में प्रासंगिक नहीं हो सकता। विश्लेषण तथा स्पष्ट करें।

अध्याय 9– वित्तीय विवरण की मदों का अंकेक्षण

19. उदाहरण सहित अवधि के अंत पर अमूर्त स्थायी सम्पत्तियों की विद्यमानता की स्थापना के लिए अंकेक्षण प्रक्रिया के उदाहरण को स्पष्ट करें।

20. दायित्व का सत्यापन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना सम्पत्ति का, यह विचार करते हुए यदि कोई दायित्व छूट गया है (अथवा कम वर्णित किया) अथवा ज्यादा वर्णित किया,

© The Institute of Chartered Accountants of India

चिट्ठा इकाई की कार्यस्थिति का सत्य तथा उचित मत नहीं दिखाता। चालू दायित्व के रूप में वर्गीकृत होने वाले दायित्वों के मानदंड को वर्णित करते हुए स्पष्ट करें।

अध्याय 10- कम्पनी अंकेक्षण

21. (a) जब शाखा के खाते को कम्पनी का अंकेक्षक के अतिरिक्त एक व्यक्ति द्वारा अकेंक्षित किया जाता है, इस प्रकार के अंकेक्षक की भूमिका तथा शाखा के खाता के अंकेक्षण के संबंध में कम्पनी का अंकेक्षक तथा कम्पनी के अंकेक्षण की सम्पूर्णतः स्पष्ट समझ की आवश्यकता है। स्पष्ट करें।

    (b) केंद्रीय सरकार की अनुमति की आवश्यकता क्यों है? जब अंकेक्षक को उसकी अवधि से पूर्व हटाया गया परन्तु उसकी आवश्यकता नहीं जब अंकेक्षक को उसकी अवधि की समाप्ति के पश्चात् बदला है?

22. कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(1) के तहत पड़ताल करने के लिए अंकेक्षक के कर्तव्यों को स्पष्ट करें।

23. अंकेक्षक के अधिकार को स्पष्ट करना है-

    (a) उसके द्वारा परीक्षण खातों पर कम्पनी के सदस्यों को रिपोर्ट

    (b) अधिकारियों से सूचना तथा स्पष्टीकरण को प्राप्त करना

अध्याय 11- अंकेक्षण रिपोर्ट

24. अंकेक्षक की रिपोर्ट में शीर्षक "वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व" के साथ एक खंड को सम्मिलित करेगा, SA 200 प्रबंधन तथा जहां पर उपयुक्त हो संचालन के साथ प्रभारित व्यक्तियों से संबंधित आधार को स्पष्ट करता है। जिस पर SA के अनुसार अंकेक्षण किया है। स्पष्ट करें।

25. प्रमुख अंकेक्षण मामलों का संप्रेषण के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से व्याख्या करें।

अध्याय 12- बैंक अंकेक्षण

26. अंकेक्षक को यथार्थपूर्वक प्रक्रियाओं की प्रकृति, समय तथा विस्तार को निर्धारण करने के लिए बैंक के मामले में अग्रिम के उपर विभिन्न आंतरिक नियंत्रणों की कुशलता का परीक्षण करना चाहिए। अग्रिम के उपर आंतरिक नियंत्रणों में क्या सम्मिलित करना चाहिए।

अध्याय 13- इकाइयों का विभिन्न प्रकार का अंकेक्षण

27. आपको एक NGO के अंकेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है, संक्षेप में उन बिंदुओं को वर्णित करें जिस पर एक संस्था का अंकेक्षण करते हुए योजना बनायेंगे।

28. एक अस्पताल का सामान्य व्यवहारों में रोगी उपचार, प्राप्ति का संग्रहण, दान, पूंजी व्यय सम्मिलित है। आपको एक अस्पताल का इस प्रकार का सौदे का अंकेक्षण करते हुए विचार करने वाले विशेष बिंदुओं का वर्णन करना अपेक्षित है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

सुझाये उत्तर/संकेत

1. (i) **गलत:** वित्तीय विवरण की तैयारी में इकाई की तथ्य तथा परिस्थिति पर इकाई का लागू प्रतिवेदन फ्रेमवर्क की आवश्यकता को लागू करने में प्रबंधन द्वारा निर्णयन लिप्त हैं। इसके अतिरिक्त कई वित्तीय विवरण में विषयपरक निर्णय अथवा अनिश्चितता की डिग्री अथवा समीक्षा लिप्त है तथा स्वीकार्य व्याख्या अथवा निर्णयन की श्रृंखला हो सकती है जिसे किया जा सके।

(ii) **गलत:** धोखाधड़ी में इसे छुपाने के लिए डिजाइन अत्याधुनिक तथा ध्यानपूर्वक गठित योजना लिप्त हो सकती है। इसलिए अंकेक्षण साक्ष्य को एकत्रित करने के लिए प्रयुक्त अंकेक्षण प्रक्रिया एक जानबूझकर मिथ्या विवरण को खोजने के लिए अप्रभावी हो सकती है, उदाहरण के लिए प्रपत्र को असत्य बनाने के लिए साठगांठ जो अंकेक्षक को विश्वास दिला सकता है कि अंकेक्षण साक्ष्य वैध है जबकि यह नहीं है। अंकेक्षक प्रपत्र की प्रमाणीकरण में ना ही तो प्रशिक्षित है तथा ना ही उनसे विशेषज्ञ होने की अपेक्षा की जाती है।

(iii) **गलत:** एक अंकेक्षक गलत करने के आरोपित का अधिकारिक अन्वेषण नहीं है। तदानुसार, एक अंकेक्षक को विशिष्ट कानूनी अधिकार नहीं दिये गये हैं जैसे खोज का अधिकार जो किइस प्रकार का अन्वेषण के लिए आवश्यक हो सकते हैं।

(iv) **गलत:** कठिनाई, समय अथवा सम्मिलित लागत का मामला स्वयं में अंकेक्षक के लिए एक अंकेक्षण प्रक्रिया को हटाने का वैध आधार नहीं है जिनके लिए कोई विकल्प नहीं है।

उपयुक्त योजना अंकेक्षण के परिचालन के लिए उपलब्ध संसाधन तथा पर्याप्त समय उपलब्ध करवाने में सहायता करता है। इसके बावजूद सूचना की प्रासंगिकता तथा इसका मूल्य समय के साथ कम हो जाता है तथा सूचना की विश्वसनीयता तथा इसकी लागत के मध्य संतुलन है।

(v) **गलत:** अंकेक्षक को अपने कार्य की इस प्रकार योजना बनानी चाहिए ताकि उसे कुशल तथा समयबद्व तरीके में प्रभावी अंकेक्षण को परिचालित करने में समर्थ कर सके। योजना ग्राहक के व्यापार के ज्ञान पर आधारित होनी चाहिए।

(vi) **सही:** SA-300 "वित्तीय विवरण का अंकेक्षण की योजना" के अनुसार योजना एक अंकेक्षण का अलग चरण नहीं है परन्तु एक लगातार तथा दोहराने वाली प्रक्रिया है जो गत अंकेक्षण की पूर्णता के तुरंत पश्चात् (अथवा के संबंध में) आरंभ हो जाता है तथा वर्तमान अंकेक्षण लिप्तता की पूर्णता तक जारी रहता है।

(vii) **गलत:** अंकेक्षक अंकेक्षण प्रपत्रीकरण के भाग के रूप में इकाई के रिकार्ड की प्रतिलिपियाँ (**उदाहरण के लिए,** महत्वपूर्ण तथा विशिष्ट संविदा तथा समझौता) शामिल हो सकते है।अंकेक्षण प्रपत्रीकरण इकाई का लेखा रिकार्ड का स्थानापन्न नहीं है।

(viii) **गलत:** SQC 1 "फर्म के लिए गुणवत्ता नियंत्रण को ऐतिहासिक वित्तीय सूचना तथा अन्य आश्वासन तथा संबंधित सेवा का अंकेक्षण तथा समीक्षा को निष्पादित करता है,

© The Institute of Chartered Accountants of India

फर्म को अंकेक्षण फाइल की समयबद्व पूर्णता के लिए नीतियों तथा प्रक्रिया को स्थापित करने के लिए फर्म को कहता है। एक उपयुक्त समय सीमा जिसके अंदर अंतिम अंकेक्षण फाइल का एक्शन को पूर्ण करना होता है साधारणतः अंकेक्षक की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात् 60 दिवस से अधिक नहीं है।

(ix) **गलत:** जब अंकेक्षक ने निर्धारित किया है कि अभिकथन स्तर पर सारवान मिथ्या विवरण का एक समीक्षा जोखिम एक महत्वपूर्ण जोखिम है, अंकेक्षक यथार्थपूर्वक प्रक्रिया का निष्पादन करेगा जो कि उस जोखिम पर विशेष रूप से उत्तरदायी है। जब महत्वपूर्ण जोखिम का दृष्टिकोण केवल यथार्थवादी प्रक्रिया से मिलकर बना है, इस प्रक्रिया में विवरण का परीक्षण सम्मिलित होगा।

(x) **गलत:** SA सामान्यतः पृथक रूप से अन्तर्निहित जोखिम तथा नियंत्रण जोखिम को संदर्भित नहीं करते, परन्तु "सारवान मिथ्या विवरण का जोखिम"का संयुक्त समीक्षा है। यद्यपि, अंकेक्षक अधिमान अंकेक्षण तकनीक अथवा पद्वतिकरण तथा व्यवहारिक विचार पर निर्भर अन्तर्निहित तथा नियंत्रण जोखिम का पृथक अथवा संयुक्त समीक्षा कर सकते हैं। सारवान मिथ्या विवरण की समीक्षा को मात्रात्मक शर्त जैसे प्रतिशत में अथवा गैर मात्रात्मक शब्द में प्रकट किया जा सकता है। किसी मामले में अंकेक्षक के लिए उपयुक्त जोखिम समीक्षा को करने की आवश्यकता विभिन्न दृष्टिकोण जिसे वे कर सकते हैं, से अधिक महत्वपूर्ण है।

अध्याय 1- अंकेक्षण की प्रकृति, उद्देश्य तथा क्षेत्र

2. **(a) गुणवत्ता नियंत्रण को फर्म को प्रणाली** निम्न तत्वों में प्रत्येक का संबोधन के लिए नीतियों तथा प्रक्रिया को सम्मिलित किया जायेगा:

(a) फर्म के अंदर गुणवत्ता के लिए नेतृत्व उत्तरदायित्व

(b) नैतिक आवश्यकता

(c) ग्राहक संबंध तथा निर्दिष्ट लिप्तता की स्वीकृति तथा जारी रहना

(d) मानव संसाधन

(e) लिप्तता कुशलता

(f) निगरानी

(b) **अंकेक्षणकी प्रमुख उपयोगिता विश्वसनीय वित्तीय विवरण में है जिसके आधार पर कार्य स्थिति को समझना सरल है।** स्पष्ट उपयोगिता के अतिरिक्त,अकेंक्षण के अन्य लाभ हैं। इनमें से उन पर उधम तथा संस्था जहां पर अंकेक्षण अनिवार्य नहीं है कुछ अथवा सभी काफी मूल्य के है, इनमें से कुछ लाभ को नीचे दिया है:



© The Institute of Chartered Accountants of India



(a) **यह इकाइ क प्रबंधन के साथ जुड़े व्यक्ति का वित्तीय हित का संरक्षण करता है चाहे वे साझेदार है अथवा अंशधारक, बैंकर्स, वित्तीय संस्थान, जनता इत्यादि है।**

(b) यह गबन करने के लिए कर्मचारियों पर नैतिक जांच के रूप में कार्यवाही करता है।

(c) लेखा का अकेंक्षित विवरण कर की दायित्व का निपटारा ऋण की सौदेबाजी तथा एक व्यापार के लिए क्रय प्रतिफल के निर्धारण के लिए सहायक है।

(d) यह सम्पत्ति की अग्नि अथवा अन्य आपदा के द्वारा कोई क्षति के संबंध में तथा उच्च मजदूरी अथवा बोनस के लिए व्यापार विवाद का निपटारा में भी उपयोगी है।

(e) **एक अंकेक्षण विभिन्न तरीके जिनसे इनकी जांच की** विशेष रूप से वह जो आंतरिक नियंत्रण माप अथवा आंतरिक जांच का अभाव अथवा अपर्याप्तता के कारण को दिखाने के लिए विनिष्ट तथा हानि की खोज में सहायता कर सकता है।

(f) **अंकेक्षण ज्ञात करता है क्या लेखा की आवश्यक पुस्तक तथा सहायक रिकार्ड को सही ढंग से रखा है तथा** ग्राहक को इस संबंध में त्रुटियां अथवा अपर्याप्तता को पूरा करने में सहायता करता है।

(g) एक समीक्षा कार्य के रूप में अंकेक्षण संस्था में विभिन्न नियंत्रण की विद्यमानता तथा परिचालन की समीक्षा करता है तथा उनमें कमजोरी, अपर्याप्तता इत्यादि का प्रतिवेदन करता है।

(h) अंकेक्षित खाता साझेदार का प्रवेश अथवा मृत्यु के समय खाता का निपटारा में बहुत सहायक है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(i) सरकार एक विशेष व्यापार के लिए सहायता अथवा लाइसेंस को जारी करने से पूर्व अंकेक्षित तथा प्रमाणित विवरण की मांग कर सकती है।

3. (a) **अंकेक्षक से अंकेक्षण जोखिम को शून्य तक करने की अपेक्षा नहीं की जाती** तथा ना ही की जा सकती है तथा इसलिए वित्तीय विवरण से पूर्ण आश्वासन प्राप्त नहीं कर सकता कि वित्तीय विवरण धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण सारवान मिथ्या विवरण से मुक्त है। ऐसा है कि क्योंकि अंकेक्षण की अंतर्निहित सीमायें हैं। यह एक अंकेक्षण की अर्न्तनिहित परिसीमा के कारण है:

(i) **वित्तीय रिपोर्टिंग की प्रकृति**: वित्तीय विवरण की तैयारी में इकाई की तथ्यों तथा परिस्थितियों का इकाई की लागू वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क की आवश्यकता को लागू करने में प्रबन्धन द्वारा निर्णयन लिप्त है। इसके अतिरिक्त, कई वित्तीय विवरण मदों में विषयपरक निर्णय अथवा समीक्षा अथवा अनिश्चितता की डिग्री लिप्त है तथा स्वीकार्य व्याख्या अथवा निर्णयन की श्रृंखला हो सकती है जिसे किया जा सकता है।

(ii) **अंकेक्षण प्रक्रियाओं की प्रकृति** : अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करने की अंकेक्षक की योग्यता पर व्यवहारिक तथा कानूनी सीमा है। उदाहरण के लिए:

1. यह संभावना है कि प्रबंधन अथवा अन्य जानबूझकर अथवा अनजाने में पूर्ण सूचना को प्रदान ना करे जो वित्तीय विवरण की तैयारी तथा प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक है अथवा जिसका अनुरोध अंकेक्षक द्वारा किया है।
2. धोखाधड़ी में उसे छुपाने के लिए अनुरोध अत्याधुनिक तथा ध्यानपूर्वक डिजाइन योजना लिप्त है। इसलिए अंकेक्षण साक्ष्य को इकट्ठा करने के लिए प्रयुक्त अंकेक्षण प्रक्रिया एक जानबूझकर मिथ्या विवरण की खोज के लिए अप्रभावी हो सकती है, उदाहरण के लिए प्रपत्रीकरण को असत्य करने के लिए सांठगांठ हो सकती है जो अंकेक्षण को यह विश्वास दिला सकती है कि अंकेक्षण साक्ष्य वैध है जबकि यह है नहीं। अंकेक्षक ना ही प्रशिक्षित ना ही प्रपत्र के प्रमाणीकरण में दक्ष है।
3. एक अंकेक्षण आरोपित गलत करने में एक अधिकारिक अन्वेषण नहीं है, तदानुसार, अंकेक्षक को विशिष्ट कानूनी अधिकार नहीं दिया गया है जैसे खोज का अधिकार जो कि एक अन्वेषण के लिए आवश्यक हो सकता है।

(iii) **वित्तीय रिपोर्टिंग की समयबद्धता तथा लाभ तथा लागत के मध्य संतुलन:** कठिनाई, समय अथवा लिप्त लागत का मामला स्वयं में अंकेक्षक के लिए अंकेक्षण प्रक्रिया को छोड़ने का वैध आधार नहीं है जहां पर कोई विकल्प नहीं है।

उपयुक्त योजना अंकेक्षण का परिचालन के लिए उपलब्ध पर्याप्त समय तथा संसाधन को बनाने में सहायता करते हैं। इसके बावजूद, सूचना की प्रासंगिकता, तथा इसका मूल्य समय के साथ कम होता है तथा सूचना की विश्वसनीयता तथा इसकी लागत के मध्य संतुलन नहीं है।

(iv) **अन्य मामले जो एक अंकेक्षण की सीमा को प्रभावित करते हैं:** कुछ विषय

© The Institute of Chartered Accountants of India

वस्तुओं के मामले में, सारवान मिथ्या विवरण को खोजने की अंकेक्षक की परिसीमा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस प्रकार का अभिकथन अथवा विषय वस्तु में सम्मिलित है:

- धोखाधड़ी विशेष रूप से वरिष्ठ प्रबंधन का शामिल होना अथवा सांठगांठ
- संबंधित पक्ष संबंध तथा सौदे की विद्यमानता तथा पूर्णता
- कानून तथा अधिनियमों का गैर अनुपालन का घटित होना
- भावी घटना अथवा स्थिति जो एक इकाई को चलायमान संस्था को जारी नहीं रखती।

(b) अंकेक्षण तथा कानून के मध्य संबंध काफी नजदीकी हैं। अंकेक्षण में क्या अथवा इन सौदों को सही ढंग से प्रविष्ट किया है, केमत से विभिन्न सौदों का परीक्षण लिप्त है यह आवश्यक करता है कि अंकेक्षक की इकाई को प्रभावित करने वाला व्यापार कानून का अच्छा ज्ञान है। यह संविदा का कानून, पराक्रमय प्रलेख इत्यादि के साथ परिचित होना चाहिए। कराधान कानून का ज्ञान भी आवश्यक है क्योंकि इकाई को विभिन्न कर कानून के द्वारा प्रभावित विभिन्न प्रावधानों को ध्यान में रखकर अपने वित्तीय विवरण को तैयार करना होता है। विभिन्न सौदों विशेष रूप से लेखांकन पक्ष का प्रभाव का विश्लेषण में एक अंकेक्षक का प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष कर कानून के बारे में अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

अध्याय 2- अंकेक्षण व्यूहरचना,अंकेक्षण योजना तथा अंकेक्षण कार्यक्रम

4. (a) अंकेक्षक को एक कुशल तथा समयबद्व तरीके में एक प्रभावी अंकेक्षण के परिचालन में उसे समर्थ करने के लिए अपने कार्य की योजना बनानी चाहिए। योजना ग्राहक क व्यापार क ज्ञान पर आधारित होनी चाहिए।

योजना को अन्य के मध्य कवर करना चाहिए:

(a) ग्राहक की लेखांकन प्रणालियों, नीतियों तथा आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं का ज्ञान अधिगृहित करना;

(b) आंतरिक नियंत्रण पर निर्भरता की प्रत्याशित सीमा निर्धारित करना;

(c) किये जाने वाले अंकेक्षण की प्रकृति, समयबद्धता तथा विस्तार का निर्धारण करना तथा प्रोग्रामिंग करना; तथा

(d) किये जाने वाले कार्य को समन्वित करना।

(b) अंकेक्षण सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना स्थापित करेगा जो अंकेक्षण का क्षेत्र, समयबद्धता तथा दिशा स्थापित करता है, तथा अंकेक्षण योजना के विकास का मार्गदर्शन करता है।

सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना की स्थापना की प्रक्रिया अंकेक्षक को अंकेक्षक की जोखिम समीक्षा प्रक्रिया की पूर्ति के तहत इस प्रकार के मामलों को निर्धारित करता है जैसे:

1. विशिष्ट अंकेक्षण क्षेत्र के लिए संसाधनों को जुटाना जैसे उच्च जोखिम क्षेत्र के

© The Institute of Chartered Accountants of India

लिए उपयुक्त रूप से अनुभवी दल के सदस्यों का उपयोग अथवा जटिल मामलों पर विशेषज्ञ की लिप्तता;

2. विशिष्ट अंकेक्षण क्षेत्र को आबंटित करने के लिए संसाधन की राशि जैसे सारवान स्थानों पर इंवेंटरी गिनती का अवलोकन के लिए निर्दिष्ट दल के सदस्यों की संख्या, समूह अंकेक्षण के मामले में अन्य अंकेक्षक के कार्य की समीक्षा अथवा उच्च जोखिम क्षेत्र में आबंटन के लिए घंटों में अंकेक्षण बजट;

3. जहां इन संसाधनों को नियोजित किया जाता है जैसे क्या अंतरिम अंकेक्षण चरण पर है अथवा प्रमुख निर्दिष्ट तिथि पर है; तथा

4. किस प्रकार संसाधन की व्यवस्था, निर्देशन तथा पर्यवेक्षित किया जाता है जैसे जब दल की ब्रिफिंग अथवा डिब्रिफिंग मीटिंग को आयोजित करने की अपेक्षा है, किस प्रकार लिप्तता साझेदार तथा प्रबन्धक समीक्षा करने की अपेक्षा है **(उदाहरण के लिए आनसाइट, ऑफ साइट),**तथा कब लिप्तता गुणवत्ता नियंत्रण समीक्षा को पूर्ण किया जायेगा।

5. (a) अंकेक्षक सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना को नवीनतम करेगा तथा बदलेगा तथा अंकेक्षण योजना जैसा अंकेक्षण के दौरान आवश्यक है। अनेपक्षित घटना के परिणामस्वरूप, स्थिति में बदलाव अथवा अंकेक्षण प्रक्रिया के परिणाम से प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य के परिणामस्वरूप, अंकेक्षक को सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना तथा अंकेक्षण योजना तथा इस तरह से समीक्षा जोखिम की पुर्नरक्षित विचार पर आधारित आगे अंकेक्षण प्रक्रिया की योजनाबद्व प्रकृति, समय तथा हद को संशोधित करने की आवश्यकता हो सकती है। एक मामला हो सकता है जब सूचना अंकेक्षक का ध्यान में आ सकती है जो उपलब्ध सूचना से पर्याप्त रूप से भिन्न हो सकता है जब अंकेक्षक अंकेक्षण प्रक्रिया की योजना बनाता है। उदाहरण के लिए, यथार्थवादी प्रक्रिया के निष्पादन के जरिये प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य नियंत्रण के परीक्षण के जरिये प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य को उलट सकता है।

(b) अंकेक्षक प्रलेख बनायेगा:

(a) सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना;

(b) अंकेक्षण योजना, तथा

(c) सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना अथवा अंकेक्षण योजना की अंकेक्षण लिप्तता के दौरान किये गये किसी पर्याप्त बदलाव तथा ऐसे परिवर्तन के लिये कारण।

सम्पूर्ण अंकेक्षण संरचना का प्रपत्रीकरण लिप्तता दल को महत्वपूर्ण मामलों का सम्प्रेषण करने तथा अंकेक्षण का सही ढंग से योजना बनाने के लिए आवश्यक माने जाने वाले प्रमुख निर्णय का रिकार्ड है।

उदाहरण के लिए, अंकेक्षक अनुस्मारक के स्वरूप में सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना का सारांश कर सकता है जो अंकेक्षण का सम्पूर्ण क्षेत्र, समय तथा परिचालन के संबंध में मुख्य निर्णय को समाहित करता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

अंकेक्षण योजना का प्रपत्रीकरण समीक्षा जोखिम की योजनाबद्ध प्रकृति, समय तथा हद तथा समीक्षा जोखिम के प्रत्युत्तर में अभिकथन स्तर पर आगे अंकेक्षण प्रक्रिया का रिकॉर्ड है। यह अंकेक्षण प्रक्रिया की उपयुक्त योजना का रिकॉर्ड के रूप में कार्य करता है जिसे उसके निष्पादन से पहले अनुमोदित किया जा सकता है। अंकेक्षक विशेष लिप्तता परिस्थिति को परिलक्षित करने के लिए जैसा आवश्यक है मानक अंकेक्षण कार्यक्रम तथा/अथवा पूर्णता जांच सूची का उपयोग कर सकते हैं। सम्पूर्ण अंकेक्षण व्यूहरचना तथा अंकेक्षण योजना में महत्वपूर्ण बदलाव तथा अंकेक्षण प्रक्रिया की योजनाबद्ध प्रकृति, समय तथा हद को परिणामतः बदलाव का रिकॉर्ड स्पष्ट करता है कि क्यों पर्याप्त बदलाव किया है तथा सम्पूर्ण व्यूहरचना तथा अंकेक्षण योजना को अंततः अंकेक्षण के लिए अपनाया है।

उदाहरण के लिए-

निम्न चीजें अंकेक्षक का प्रपत्र क भाग हानो चाहिए:

- इकाई की प्रमुख निर्णय कर्ता के साथ चर्चा का सारांश
- सेवा की अंकेक्षण समिति की पूर्व अनुमति का प्रपत्रीकरण, जब आवश्यक है
- अंकेक्षण प्रपत्रीकरण पहुँच पत्र
- हमारी सेवा के क्षेत्र में बदलाव अथवा क्षेत्र के संबंध में प्रबंधन अथवा संचालन से प्रभारित व्यक्तियों के साथ अन्य संप्रेषण अथवा समझौता
- इकाई के वित्तीय विवरण पर अंकेक्षक की रिपोर्ट
- अन्य रिपोर्ट जैसा लिप्तता समझौते में निर्दिष्ट है। (उदाहरणत ऋण प्रतिज्ञापत्र अनुपालन पत्र)

अध्याय 3- अंकेक्षण प्रपत्रीकरण तथा अंकेक्षण साक्ष्य

6. (a) कारकों पर निर्भर अंकेक्षण प्रपत्रीकरण का स्वरूप, विषयवस्तु तथा हद जैसे:

1. इकाई की जटिलता तथा आकार
2. निष्पादित किये जाने वाले अंकेक्षण प्रक्रिया की प्रकृति
3. सामग्री मिथ्या विवरण की जोखिम की पहचान
4. प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य का महत्व
5. पहचान अपवाद की प्रकति तथा हद
6. प्राप्त अंकेक्षण अथवा निष्पादित कार्य का प्रपत्रीकरण से तुरंत पहचान योग्य नहीं निष्कर्ष के लिए आधार अथवा निष्कर्ष के लिए प्रपत्र की आवश्यकता
7. प्रयुक्त किये गये अंकेक्षण कार्यप्रणाली तथा उपकरण

(b) अंकेक्षक एक अंकेक्षण फाइल में अंकेक्षण प्रपत्रीकरण को संयोजित करेगा तथा अंकेक्षक की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात् समयबद्ध आधार पर अंतिम अंकेक्षण के संयोजन की प्रशासकीय प्रक्रिया को पूर्ण करेगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

SQC 1 "फर्म का जो ऐतिहासिक वित्तीय सूचना तथा अन्य आश्वासन तथा संबंधित सेवा का अंकेक्षण तथा समीक्षा करती है, का गुणवत्ता नियंत्रण फर्म को अंकेक्षण फाइल के संयोजन की समयबद्व पूर्णता के लिए नीतियों तथा प्रक्रिया को स्थापित करने के लिए कहता है। एक उपयुक्त समय सीमा जिसमें अंतिम अंकेक्षण फाइल के संयोजन को पूरा करना होता अंकेक्षण की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात् 60 दिवस से अधिक नहीं है।

अंकेक्षक की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात् अंतिम अंकेक्षण फाइल के संयोजन की पूर्ति एक प्रशासकीय प्रक्रिया है जिसमें नया निष्कर्ष निकालना अथवा नये अंकेक्षण प्रक्रिया का निष्पादन सम्मिलित नहीं है। यद्यपि अंतिम संयोजन प्रक्रिया के दौरान अंकेक्षण प्रपत्रीकरण में बदलाव किया जा सकता है यदि वे प्रकृति में प्रशासकीय है।

इस प्रकार के बदलाव में सम्मिलित है:

- हटाये गये प्रपत्रीकरण को हटाना अथवा समाप्त करना
- वर्किंग पेपर का छांटना, क्रमवार करना, क्रॉस संदर्भ
- फाइल संयोजन प्रक्रिया से संबंधित पूर्णता जांच सूची पर हस्ताक्षर करना
- अंकेक्षण साक्ष्य का प्रपत्रीकरण जिसे अंकेक्षक ने अंकेक्षक की रिपोर्ट की तिथि से पहले लिप्तता दल का प्रासंगिक सदस्यों से प्राप्त, चर्चा तथा सहमति हुई है।

अंतिम अंकेक्षण फाइल का एक संयोजन के पश्चात् अंकेक्षक रोके जाने की अवधि की समाप्ति से पूर्व किसी प्रकृति का प्रपत्रीकरण को हटाया अथवा समाप्त नहीं करेगा

SQC 1 फर्म को लिप्तता प्रपत्र को रोकने के लिए नीतियों तथा प्रक्रिया का स्थापित करने के लिए कहता है। अंकेक्षण लिप्तता के लिए रोके जाने की अवधि सामान्यतः अंकेक्षक की रिपोर्ट से सात वर्षों से कम नहीं होगी।

7. (a) **अंकेक्षण साक्ष्य अंकेक्षक की राय तथा रिपोर्ट के समर्थन के लिए आवश्यक है।** यह प्रकृति में संचयी है तथा मुख्यतः अंकेक्षण के दौरान निष्पादित अंकेक्षण प्रक्रिया से प्राप्त किया है। यद्यपि इसमें अन्य स्त्रोत जैसे गत अंकेक्षण से प्राप्त सूचना सम्मिलित होगी। इकाई के अंदर तथा बाहर स्त्रोत के अतिरिक्त इकाई का लेखांकन रिकॉर्ड अंकेक्षण साक्ष्य का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड है। साथ में सूचना जिसे अंकेक्षण साक्ष्य के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है, को प्रबन्धन का विशेषज्ञ का कार्य का उपयोग कर तैयार किया जाता है। अंकेक्षण साक्ष्य दोनों सूचनाओं से मिलकर बना है जो प्रबन्धकीय अभिकथन का समर्थन तथा संपुष्टी करता है तथा कोई सूचना जो इस प्रकार का अभिकथन का खंडन करता है। इसके अतिरिक्त, कुछ मामलों में, सूचना का अभाव (उदाहरण के लिए, प्रबन्धन की आवेदित प्रतिरूप को प्रदान करने में इन्कार करना) को अंकेक्षक द्वारा प्रयुक्त किया जाता है, तथा इसलिए अंकेक्षण साक्ष्य बनाता है।

© The Institute of Chartered Accountants of India

अंकेक्षक की राय बनाने में ज्यादातर अंकेक्षक का कार्य अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करने तथा आंकलन करने से मिलकर बना है। अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंकेक्षण प्रक्रिया में जांच के अतिरिक्त निरीक्षण, अवलोकन, पुष्टी, पुनः गणना, पुनः निष्पादन तथा विश्लेषणात्मक प्रक्रिया प्रायः कुछ समन्वय में सम्मिलित हो सकती है। यद्यपि जांच महत्वपूर्ण अंकेक्षण साक्ष्य को प्रदान कर सकती है तथा मिथ्या विवरण का साक्ष्य प्रस्तुत कर सकती है, जांच अकेली अभिकथन स्तर पर सारवान मिथ्या विवरण के अभाव का पर्याप्त अकेंक्षण साक्ष्य अथवा नियंत्रण की परिचालन प्रभावदेयता को प्रदान नहीं करता।

जैसा SA 200 "स्वतंत्र अंकेक्षक का सम्पूर्ण उद्देश्य तथा अंकेक्षण पर मानक के अनुसार एक अंकेक्षण का परिचालन" में स्पष्ट किया है,उचित आश्वासन को प्राप्त किया जाता है जब अंकेक्षक ने अंकेक्षण जोखिम (अर्थात् जोखिम जिस पर अंकेक्षक एक अनुपयुक्त राय प्रकट करता है जब वित्तीय विवरण सारवान रूप से मिथ्या वर्णित है, की स्वीकार्य न्यून स्तर तक कम करने के लिए पर्याप्त उपयुक्त अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त कर लिया। अंकेक्षण साक्ष्य की पर्याप्तता तथा उपयुक्तता एक दूसरे से परस्पर संबंधित है।

(b) नियंत्रण का टेस्ट: नियंत्रण का टेस्ट को अभिकथन स्तर पर सारवान मिथ्या विवरण को रोकने अथवा खोजने तथा तथा सही करने में नियंत्रण की परिचालन प्रभावदेयता का आंकलन करने के लिए डिजाइन एक अंकेक्षण प्रक्रिया है।

अंकेक्षक प्रासंगिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावदेयता के बारे में पर्याप्त उपयुक्त अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियंत्रण का डिजाइन तथा परीक्षण को निष्पादित करेगा जब:

(a) अभिकथन स्तर पर सारवान मिथ्या विवरण का अंकेक्षक का जोखिम की समीक्षा में एक अपेक्षा सम्मिलित है कि नियंत्रण प्रभावी रूप से परिचालित है (अर्थात् अंकेक्षक यथार्थपूर्वक प्रक्रिया की प्रकृति, समय तथा हद का निर्धारण में नियंत्रण की परिचालन प्रभावदेयता पर विश्वास रखने का इरादा रखता है); अथवा

(b) यथार्थपूर्वक प्रक्रिया अकेले अभिकथन स्तर पर पर्याप्त उपयुक्त अंकेक्षण साक्ष्य प्रदान नहीं कर सकते।

आश्वासन के उच्चतर स्तर की नियंत्रण की परिचालन प्रभावदेयता के बारे में मांग की जा सकती है जब अपनाया गया दृष्टिकोण मुख्यतः नियंत्रण के परीक्षण से मिलकर बनी है, विशेष रूप में जहां पर यथार्थपूर्वक प्रक्रिया से केवल पर्याप्त उपयुक्त अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करना सम्भव नहीं है अथवा व्यवहारिक नहीं है।

8. (a) सारवान मिथ्या विवरण की आकलित जोखिम पर विचार किये बिना अंकेक्षक सौदों की प्रत्येक सारवान श्रेणी, खाता शेष तथा प्रकटीकरण के लिए यथार्थपूर्वक प्रक्रिया को डिजाइन तथा निष्पादित करेगा।

1. यह आवश्यकता तथ्य को परिलक्षित करता है कि:

(i) अंकेक्षक की जोखिम की समीक्षा अनुमान है तथा सारवान मिथ्या विवरण

© The Institute of Chartered Accountants of India

के सभी जोखिम की पहचान नहीं कर सकता; तथा

(ii) प्रबंध प्रत्यादिष्ट सहित आंतरिक निंत्रण की अर्न्तनिहित सीमा है।

2. परिस्थिति पर निर्भर, अंकेक्षक निर्धारित कर सकता है कि:

- केवल यथार्थवादी विश्लेषणात्मक प्रक्रिया अंकेक्षण जोखिम को स्वीकार्य न्यून स्तर पर कम करने के लिए पर्याप्त होगा। उदाहरण के लिए, जहां पर जोखिम की अंकेक्षक की समीक्षा नियंत्रण का परीक्षण से अंकेक्षण साक्ष्य द्वारा समर्थित है।
- केवल विवरण के परीक्षण उपयुक्त है।
- यथार्थपूर्वक विश्लेषणात्मक प्रक्रिया तथा विवरण के परीक्षण का समन्वय समीक्षा जोखिमका सर्वाधिक उत्तरदायी है।

3. यथार्थ विश्लेषणात्मक प्रक्रिया सामान्यतः सौदों के बड़े परिमापन पर लागू है जो समय के अनुमानयोग्य होते हैं। SA 520, "विश्लेषणात्मक प्रक्रिया" आवश्यकता को स्थापित करती है तथा एक अंकेक्षण के दौरान विश्लेषणात्मक प्रक्रिया का उपयोग पर मार्गदर्शन प्रदान करते है।

4. जोखिम की प्रकृति तथा अभिकथन विवरण का परीक्षण के लिए प्रासंगिक है। उदाहरण के लिए विद्यमान अथवा उत्पन्नता अभिकथन से संबंधित विवरण का परीक्षण में वित्तीय विवरण राशि में समाहित मदों से चयन तथा प्रासंगिक अंकेक्षण साक्ष्य को प्राप्त करना लिप्त हो सकता है। दूसरी तरफ, पूर्णता अभिकथन से संबंधित विवरण का परीक्षण में मदों का चयन लिप्त हो सकता है जिसकी प्रासंगिक वित्तीय विवरण राशि में सम्मिलित होने की अपेक्षा है तथा अन्वेषण करना क्या उनको सम्मिलित किया है।

5. क्योंकि सारवान मिथ्या विवरण का जोखिम की समीक्षा आंतरिक नियंत्रण को शामिल करता है, यथार्थपूर्वक प्रक्रिया की हद को बढाने की आवश्यकता हो सकती है जब नियंत्रण से परीक्षण का परिणाम असंतोषजनक है।

6. विवरण का परीक्षण को डिजाइन करने में, परीक्षण की हद को साधारणतः सेम्पल साइज के संदर्भ में सोचा जाता है। यद्यपि, अन्य मामला प्रासंगिक है जिसमें सम्मिलित है क्या परीक्षण का अन्य चयनित तरीका का उपयोग करना ज्यादा प्रभावी है।

